<u>संख्या- 12/2022/1016/77-1-2022/001-1016</u>

प्रेषक,

रजनी कान्त पाण्डेय,
अनु सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

आयुक्त एवं निदेशक,
उद्योग, उ0प्र0, कानपुर।

औद्योगिक विकास अनुभाग-1 लखनऊ : दिनांक 29 जुलाई, 2022

**विषय:- इंस्टीट्यूट आफ टूल रूम ट्रेनिंग यू0पी0 (इटप) लखनऊ के कर्मियो के वेतनादि के भुगतान एवं संस्थान के रख-रखाव हेतु चालू वित्तीय वर्ष 2022-23 मे व्यय हेतु धनराशि की स्वीकृति।**

महोदय,

उपर्युक्त विषय पर मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि श्री राज्यपाल महोदय, वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1, उ0प्र0 शासन के कार्यालय ज्ञाप संख्या-13/2022/बी-1-454/दस-2022-231/2022, दिनांक 07.06.2022 में जारी निर्देशो के अनुसरण में इंस्टीट्यूट आफ टूल रूम ट्रेनिंग यू0पी0 (इटप), लखनऊ के कर्मियो के वेतनादि के भुगतान एवं संस्थान के रख-रखाव हेतु व्यय के लिए चालू वित्तीय वर्ष 2022-23 में निम्नवत बजट प्राविधान किया गया है-

**20-सहायता अनुदान-सामान्य (गैर वेतन) रू0 20.00 लाख**
**31-सहायता अनुदान-सामान्य (वेतन) रू0 188.00 लाख**

2- अवगत कराना है कि शासनादेश दिनांक 28 अप्रैल 2022 द्वारा वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1, उ0प्र0 शासन के कार्यालय ज्ञाप संख्या- 15/2021/बी-1-829/दस-2021-231/2022, दिनांक 30-12-2021 में जारी निर्देशों के अनुसरण में इंस्टीट्यूट आफ टूल रूम ट्रेनिंग यू0पी0 (इटप), लखनऊ के कर्मियों के वेतनादि के भुगतान एवं संस्थान के रख-रखाव हेतु व्यय के लिए चालू वित्तीय वर्ष 2022-23 (लेखानुदान) के रूप में प्रथम चार माह (अप्रैल, 2022 से जुलाई, 2022 तक) के लिए 20-सहायता अनुदान-सामान्य (गैर वेतन) में धनराशि रू0-3,33,000.00 (रू0 तीन लाख तैंसीस हजार मात्र) तथा 31-सहायता अनुदान-सामान्य (वेतन) में धनराशि रू0-1,52,60,000.00 (रू0 एक करोड़ चालीस लाख मात्र) का एक तिहाई निर्गत की गई।

3- वित्तीय वर्ष 2022-23 में प्राविधानित बजट तथा वित्त विभाग के उक्त कार्यालय ज्ञाप दिनांक 07.06.2022 में दी गई व्यवस्थानुसार के क्रम में वित्तीय वर्ष 2022-23 के लेखानुदान के रूप में स्वीकृत धनराशि को घटाते हुए इटप, लखनऊ को निम्न तालिकानुसार वित्तीय स्वीकृति निम्नलिखित शर्तो एवं प्रतिबन्धों के अधीन निर्गत की जाती है-

| क्रमांक | मानक मद | प्रयोजन | बजट प्रावधान (रू0) | लेखानुदान के रूप में पूर्व में निर्गत धनराशि (रू0) | अवमुक्त की जा रही धनराशि | अवशेष धनराशि (रू0) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 20-सहायता अनुदान- | रख-रखाव | 20,00,000.00 | 3,33,000.00 | 6,67,000.00 | 10,00,000.00 |

---

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | सामान्य (गैर वेतन) | संचालन आदि | | | | |
| 2 | 31-सहायता अनुदान-सामान्य (वेतन) | कार्मिकों के वेतनादि | 1,88,00,000.00 | 50,86,000.00 | 1,37,14,000.00 | शून्य |
| | | **योग** | **2,08,00,000.00** | **54,19,000.00** | **1,43,81,000.00** | **10,00,000.00** |

**<u>नियम व शर्ते / प्रतिबन्धों</u>**

**1. इस धनराशि को आहरित करने हेतु नियमानुसार महाप्रबन्धक, इटप, लखनऊ द्वारा बिल बनाया जायेगा और संयुक्त निदेशक, उद्योग, मध्य क्षेत्र, लखनऊ को प्रतिहस्ताक्षरित करने हेतु प्रस्तुत किया जायेगा।**

**2. इस संस्थान के कर्मियों के वेतन हेतु नियमानुसार तत्काल भुगतान की कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी एवं स्वीकृत धनराशि के सदुपयोग की सूचना शासन के वित्त विभाग को यथाशीघ्र उपलब्ध करायी जायेगी।**

**3. प्रस्तर-1 में स्वीकृत की जा रही धनराशि व्यय किये जाने के पूर्व वित्त (आय-व्ययक) अनु0-1, उ0प्र0 शासन के उपरोक्त संदर्भित कार्यालय ज्ञाप दिनांक 07.06.2022 में जारी निर्देशों का पूर्णतया अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा और स्वीकृत धनराशि की सीमा तक ही व्यय सीमित रखा जायेगा।**

4- इस संबंध में होने वाला व्यय (*1*) रुपये 6,67,000 (रुपये छह लाख सड़सठ हजार मात्र) को चालू वित्तीय वर्ष 2022-23 के आय-व्ययक मे **अनुदान संख्या** 007 **लेखा शीर्षक** 2885608001800 इन्स्टीट्यूट आफ टूल रूम ट्रेनिंग, उत्तर प्रदेश (इटप) **मानक मद** 20 सहायता अनुदान- सामान्य (गैर वेतन) (*2*) रुपये 1,37,14,000 (रुपये एक करोड़ सैंतीस लाख चौदह हजार मात्र) को चालू वित्तीय वर्ष 2022-23 के आय-व्ययक मे **अनुदान संख्या** 007 **लेखा शीर्षक** 2885608001800 इन्स्टीट्यूट आफ टूल रूम ट्रेनिंग, उत्तर प्रदेश (इटप) **मानक मद** 31 सहायता अनुदान- सामान्य (वेतन) के नामे डाला जायेगा।

5- यह आदेश वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या- 13/2022/बी-1-454/दस-2022-231/2022, दिनांक- 07 जून 2022 में प्रशासकीय विभाग को उक्तवत प्रतिनिधनित अधिकार के अंतर्गत निर्गत किये जा रहे है।

भवदीय,

(रजनी कान्त पाण्डेय)
अनु सचिव,
उ0प्र0 शासन।

<u>संख्या- 12/2022/1016/77-1-2022/001-1016, तद्दिनांक।</u>

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, इलाहाबाद।

2- आयुक्त एवं निदेशक, उद्योग, अर्थ अनुभाग, उ0प्र0, कानपुर।

3- कोषाधिकारी, लखनऊ।

---

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

4- संयुक्त निदेशक, उद्योग, मध्य क्षेत्र, लखनऊ।

5- महाप्रबन्धक, इंस्टीट्यूट आफ टूल रूम ट्रेनिंग यू0पी0 (इटप), लखनऊ को इस अभियुक्ति के साथ प्रेषित कि उक्त आहरित धनराशि का उपयोग करने के पश्चात औद्योगिक विकास अनु0-1 को नियमानुसार उपयोगिता प्रमाण पत्र अतिशीघ्र उपलब्ध करायेंगे।

6- वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-2/4/6, उ0प्र0 शासन।

7- वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-6, उ0प्र0 शासन।

8- नियोजन अनुभाग-4, उ0प्र0 शासन।

9- औद्योगिक विकास अनुभाग-2

10- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(रजनी कान्त पाण्डेय)
अनु सचिव,
उ0प्र0 शासन।

http://shasanadesh.up.nic

---

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।